भारत सरकार **राज्य सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1171**

(वाणिज्य विभाग)

दिनांक 16 दिसंबर 2022 को उत्तर दिये जाने के लिए

यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए)

1171. श्री सतीश चंद्र दूबे :

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के संबंध में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) समझौते को अंतिम रूप देने में आ रही बाधाओं का ब्यौरा क्या है;
(ग) समझौते से भारत को अब तक प्राप्त हुए और अपेक्षित लाभों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या प्रधानमंत्री की हाल ही में यूरोपीय संघ के विभिन्न देशों की यात्रा के दौरान भी इस समझौते के संबंध में चर्चा हुई थी; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी चर्चाओं का क्या परिणाम निकला है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग) : भारत और यूरोपीय संघ ने 9 साल के अंतराल के बाद जून 2022 में मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ताएं पुनः आरंभ की हैं। वार्ता के तीन दौर जून, अक्टूबर और नवंबर/दिसंबर 2022 में आयोजित किए गए हैं। एफटीए के विभिन्न नीतिगत क्षेत्रों पर व्यापक वार्ता की जा रही है और भारत का उद्देश्य यूरोपीय संघ के साथ माल और सेवाओं दोनों को कवर करते हुए एक पारस्परिक रूप से लाभप्रद व्यापार समझौता करना है।

(घ) और (ड) : डेनमार्क, फ़िनलैंड, जर्मनी, स्वीडन के नेताओं और यूरोपीय आयोग तथा यूरोपीय परिषद के अध्यक्षों के साथ उच्च स्तरीय बैठकों के दौरान अन्य बातों के अलावा समझौते पर चर्चा की गई और नेताओं ने पारस्परिक रूप से लाभप्रद भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को अन्तिम रूप देने के लिए समर्थन व्यक्त किया।

*****